मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 231 ■ मंगलवार 9 दिसंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

कनिका के साथ कॉन्सर्ट में हुई शॉकिंग घटना

# पूर्व नगरसेवकों में मची श्रेय लेने की होड़

**उल्हासनगर मनपा चुनाव**

## प्रशासकीय कार्य को खुद का काम बताकर गुमराह कर रहे पूर्व नगरसेवक

- मतदाताओं को किया जा रहा गुमराह
- गड्ढे भरने के दौरान जमकर हो रहा फोटो सेशन
- गड्ढों की जवाबदारी से यही नेता भागते हैं
- शहर को लूटने वाले पूर्व नगरसेवकों की हार निश्चित



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर आज भी पूरी तरह गड्ढामय है शायद ही कोई ऐसी सड़क होगी जिसे कहा जा सके कि इस सड़क पर गड्ढा न हो। लेकिन इन गड्ढों की जिम्मेदारी से भागने वाले पूर्व नगरसेवक व नेता इन दिनों गड्ढे भरने के प्रशासकीय कार्य के दौरान जमकर फोटो सेशन कर रहे हैं और बता रहे हैं कि उनके द्वारा यह सड़क मरम्मत का कार्य हो रहा है। इस तरह का नजारा पैनल 9 टेकड़ी परिसर में देखने को मिला जहां पूर्व नगरसेविका का पुत्र अवि नारायण पंजाबी इस तरह फोटो सेशन करते पाया गया जैसे उसके द्वारा ही कार्य किया गया है। वहां यह भी कहा गया कि विधायक फंड से कार्य हो रहा है लेकिन विधायक फंड अब बचा ही नहीं है। इसी तरह का कार्य अन्य पूर्व नगरसेवकों द्वारा भी कई पैनलों में श्रेय लेने का प्रयास किया जा रहा है ताकि आगामी मनपा चुनाव में उनके कार्य मतदाताओं के सामने आए और उन्हें वोट मिलें लेकिन मतदाता अब उन नेताओं से भी ज्यादा समझदार है जो वाट्सअप पर फोटो सेशन करके मतदाताओं को गुमराह करते हैं ऐसे नेता व पूर्व नगरसेवक जिन्होंने शहर को लूटा है उनकी हार इन मतदाताओं ने तय की हुई है।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर महानगरपालिका के चुनाव आगामी जनवरी 2026 में होने जा रहे हैं। भाजपा-शिवसेना व राकांपा महायुति में एक बार फिर चुनाव को लेकर समझौते की बैठकें शुरू हो गई हैं। लेकिन कहा जा रहा है कि युति होना आसान नहीं होगा। भाजपा व शिवसेना में चल रही श्रेयवाद की जंग से विरोधी पक्ष भी जैसे गायब सा हो गया है। यह चुनाव महायुति के बीच के टकराव में ही सिमटता नजर आ रहा है। कुछ दिनों पूर्व वर्षों पुरानी बनी शहाड उडानपुल के मरम्मत के दौरान भी जो तमाशा भाजपा, शिवसेना, टीओके, मनसे आदि ने किया उससे यह जाहिर है कि यह कार्य प्रशासकीय कार्य ही है नाकि किसी पक्ष द्वारा किया जा रहा। क्योंकि अगर किसी पक्ष द्वारा मेहनत की गई होती तो उन्हें इस तरह आपस में लड़ना नहीं पड़ता।

### नए चेहरों को मौका दिये जाने की मांग

आज भी पिछले कई वर्षों से जो विकास कार्य ठप्प है उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए सत्ताधारी पक्ष चुप बैठे हुए हैं और मामूली से कार्य को लेकर श्रेय लेने की जो होड़ मची हुई है उससे मतदाताओं में उदासीनता है। अब इस तरह के माहौल में अगले माह चुनाव होंगे या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा क्योंकि अब चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा समय न दिए जाने से भी मतदाताओं में रोष है। उन्हें अपने उम्मीदवारों के जानने व समझने का समय नहीं दिया जा रहा है। पूर्व चेहरों को हटाकर नए चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए, ऐसी भी मांग ने जोर पकड़ा है। जो पूर्व नगरसेवक श्रेय लेने की होड़ में मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं शराबी व जुआरी नेताओं को मतदाता अब घर पर बिठाएंगे।

# गुप्ता समाज की प्रदेश महिला अध्यक्ष भी BJP में शामिल

## उल्हासनगर में इच्छुक उम्मीदवारों की बढ़ी संख्या



**उल्हासनगर.** भले ही मनपा चुनाव की तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन उल्हासनगर भारतीय जनता पार्टी में इच्छुक उम्मीदवारों की संख्या बढ़ गई है, जिसमें गुप्ता समाज की महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता भी शामिल हैं। उन्होंने जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया को अपना आवेदन दिया है। उर्मिला गुप्ता पहले टीम ओमी कलानी में काम करती थीं। बृजेश श्रीवास्तव भी उनके साथ TOK में एक्टिव थे। हालांकि, पिछले महीने दोनों ने TOK छोड़कर भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली थी।

BJP ने उर्मिला गुप्ता को महिला मोर्चा का जनरल सेक्रेटरी और बृजेश श्रीवास्तव को सेक्रेटरी बनाया है। अब वार्ड नंबर सात से ओपन सीट के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के तौर पर उर्मिला गुप्ता और बृजेश श्रीवास्तव ने जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया को अपना आवेदन दिया है।

इस वार्ड में 2017 के मनपा चुनाव में TOK के प्रवक्ता कमलेश निकम की भाभी चुनी गई थीं। माना जा रहा है कि कमलेश निकम आने वाले चुनाव में अपनी भाभी के साथ अपनी पत्नी को भी मैदान में उतारेंगे। उर्मिला गुप्ता और बृजेश श्रीवास्तव का खास तौर पर गुप्ता कम्युनिटी और नॉर्थ इंडियन कम्युनिटी में असर है और कहा जा रहा है कि अगर पार्टी उनके कैंडिडेट उतारती है तो कड़ा मुकाबला होगा। BJP वाइस प्रेसिडेंट संजय रामरखियानी ने भी इंटरेस्टेड पार्टी के तौर पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट राजेश वढारिया को अपनी एप्लीकेशन दी है।

# कंटेनर पर बिजली का खंभा गिरा



**उल्हासनगर.** कैंप-5 आश्रम रोड इलाके में आधी रात को सड़क से गुजर रहे एक कंटेनर में बिजली का तार फंस गया और अचानक बिजली का खंभा गिर गया। इस हादसे से कुछ देर के लिए ट्रैफिक भी रुक गया। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कंटेनर सड़क से गुजर रहा था, तो बिजली का तार कंटेनर में फंसकर खिंच गया, जिससे खंभा गिरकर कंटेनर से टकरा गया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए, अनहोनी की आशंका थी, लेकिन खुशकिस्मती से कोई घायल नहीं हुआ। लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। सूचना मिलने पर महावितरण और लोकल पुलिस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खंभे को हटाने का काम शुरू किया। इस बीच, इलाके में बिजली सप्लाई रुक गई। हादसे में किसी की जान नहीं गई।

# शहाड़ और वालधुनी पुलों के समांतर पुल बने

- मनसे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की अपील



**उल्हासनगर.** मनसे ने केंद्रीय लोक निर्माण मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर उल्हासनगर को जोड़ने वाले शहाड़ और वालधुनी पुलों के समांतर पुल बनाने की मांग की है. दोनों पुल पुराने हैं और उन्हें फिर से बनाने की मांग की जा रही है।

नेशनल हाईवे नंबर 1 और उल्हासनगर और कल्याण शहर को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे पर ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए, MNS के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख ने केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी से शहाड़ और वालधुनी दोनों फ्लाईओवर पर तुरंत समांतर पुल बनाने की मांग की।

शहाड़ फ्लाईओवर करीब 38 साल पहले, यानी 1987 में बना था। हालांकि, कल्याण और उल्हासनगर की बढ़ती आबादी, आसपास के ग्रामीण इलाकों के शहरीकरण और गाड़ियों की बढ़ती संख्या के कारण इस पुल पर भारी ट्रैफिक जाम हो गया है। ये दोनों हाईवे टिटवाला गणपति मंदिर, ओझर, लेण्याद्री अष्टविनायक, भीमाशंकर और मालशेज घाट जैसे ज़रूरी टूरिस्ट इलाकों की ओर जाते हैं। साथ ही, उल्हासनगर, कल्याण और मुरबाड में MIDCs होने की वजह से यह एक ज़रूरी इंडस्ट्रियल सेंटर बन गया है। शहाड़ और वालधुनी ब्रिज के पैरेलल इस ब्रिज के काम के लिए 1 अक्टूबर, 2024 को चीफ इंजीनियर, नई दिल्ली को 108 करोड़ रुपये का प्रपोज़ल दिया गया है। MNS डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बंडू देशमुख ने नितिन गडकरी से रिक्वेस्ट की है कि अगर इस प्रपोज़ल को तुरंत मंज़ूरी मिल जाती है, तो इससे स्टूडेंट्स, आम लोगों और एम्बुलेंस को इस ब्रिज पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर बंडू देशमुख के साथ MNS डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट धनंजय गुरव, MNS सिटी सेक्रेटरी तन्मेश देशमुख और विठाई प्रतिष्ठान प्रेसिडेंट प्रदीप गरड मौजूद थे।

## शिवसेना विभाग प्रमुख ने आयोजित की मुफ्त शिर्डी दर्शन यात्रा

**उल्हासनगर.** शिवसेना (शिंदे गुट) के विभाग प्रमुख सुनील सिंह उर्फ कलवा तथा समाजसेविका किरण सिंग - चिमनानी ने अपनी ओर से मनपा के पैनल क्रमांक 11 की महिलाओं के लिए 'शिर्डी साईं बाबा दर्शन यात्रा' का आयोजन किया था, जिसका पचास से भी अधिक महिलाओं ने लाभ लिया. यात्रा सोमवार की दोपहर निकली. समाजसेविका किरण सुनील सिंह ने बताया कि महिला दर्शनार्थियों के लिए दर्शन, रहने, भोजन तथा बस की निशुल्क सेवा रखी गई थी.

# बदलापुर के 3 डॉक्टरों पर अपराध दर्ज

- एक वर्ष की जांच के बाद अस्पताल व्यवस्थापन पर भी अपराध दर्ज
- आपरेशन के दौरान मरीज की जान जाने का मामला

**बदलापुर.** बदलापुर में जबड़े का एक छोटा आपरेशन करते समय एक 33 वर्षीय मरीज की जान चली गई थी. बदलापुर पुलिस ने पूरे एक साल तक जांच करने के बाद यहां के एक निजी अस्पताल सह्याद्री सुपर स्पेशालिटी अस्पताल के व्यवस्थापक एवं 3 डॉक्टरों के खिलाफ लापरवाही से मरीज की जान लेने का अपराध दर्ज किया है. बदलापुर पुलिस के पुलिस उप निरीक्षक अशोक पाथारे ने अपराध दर्ज कराया है कि डॉ. योगेश भिड़े, डॉ. अनंत ठीनगी और डॉ. मनीष वाधवानी की लापरवाही के कारण सोनिवली गांव निवासी प्रवीण विश्वनाथ समझीसकर (33) की जान गई है. ये घटना 24 नवंबर



2024 की है. प्रवीण वालीवली गांव से सोनिवली गांव बाइक से आ रहा था. रास्ते के गड्ढे में बाइक अटक जाने के कारण वह मुंह के बल गिर गया. इस दुर्घटना में उसके जबड़ा फ्रैक्चर हो गया. उसे सह्याद्री सुपर स्पेशालिटी अस्पताल में उपचार हेतु दाखिल कराया गया. अस्पताल व्यवस्थापन और डॉक्टरों ने रिश्तेदारों से कहा कि प्रवीण के जबड़े का एक छोटा आपरेशन करना पड़ेगा. सर्जरी के लिए उसे ले जाया गया. आपरेशन के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई.

पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज करके लगभग एक वर्ष तक जांच करने के बाद पूरी रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल व्यवस्थापन एवं तीन डॉक्टरों पर अपराध दर्ज किया गया है.

# अंबरनाथ नपा चुनाव : किसी ने भी नामांकन वापस नहीं लिया

- अब और कितना इंतजार करें
- उम्मीदवारों की नींद हुई हराम

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद का चुनाव दिसंबर से 20 दिसंबर कर दिए जाने के बाद नगराध्यक्ष के उम्मीदवार एवं 9 वार्ड के उम्मीदवारों में से नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 10 दिसंबर तक रखी गई है. 8 दिसंबर तक किसी ने भी अपना नामांकन वापस नहीं लिया है. ऐसी जानकारी नपा द्वारा दी गई है. अभी भी चुनाव मैदान में नगराध्यक्ष पद के 8 महिला उम्मीदवार एवं 29 प्रभाग के 59 वार्ड के 260 उम्मीदवार बरकरार हैं. उम्मीदवारों के लिए अब दिन-रात बहुत लंबे हो गए हैं. कुछ की तो रातों की नींद उड़ गई है. उम्मीदवारों के लिए प्रतीक्षा की घड़ी तवील हो गई है. 18 दिन का सफर करना मुश्किल हो गया है. कुछ उम्मीदवार ठन-ठन गोपाला हो गए हैं. एक दिसंबर तक उम्मीदवार जितना शोर कर रहे थे, वह उतने ही खामोश हो गए हैं. जिस उत्साह के साथ प्रचार के लिए पम्फलीट बांटना, वाट्स एप, सोशल मीडिया पर डिजिटल प्रचार करना, रैलियां निकालना, वोटरों की स्लिप पहुंचाना, घर-घर जाकर प्रचार करने पर अब अंकुश सा लग गया है. उम्मीदवार झुंझला रहे हैं कि क्या करें और क्या ना करें. कुछ कारोबारी उम्मीदवार अपने काम पर लग गए हैं. घर बार भी तो चलाना है और फिर चुनाव के लिए जो कर्ज लिया है, वह तो चुकाना है. हारी जीत का नतीजा तो अब 21 दिसंबर को आनेवाला है. पहले 6 वर्षों तक चुनाव की प्रतीक्षा में आधी जान चली गई और अब चुनाव को आगे धकेल दिए जाने से बची-खची जान भी निकलने को है. 21 दिसंबर को 59 उम्मीदवारों एवं एक नगराध्यक्ष उम्मीदवार के लिए जीत की खुशखबरी लाएगा. बाकी 200 उम्मीदवार हार के बाद रात में नींद की गोली लेकर कंबल ओढ़कर सो जाएंगे.

## भिवंडी कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई टली

**भिवंडी.** 2014 के लोकसभा चुनावों की शुरुआत में, राहुल गांधी ने 6 मार्च, 2014 को भिवंडी तालुका के सोनाले में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक जनसभा में कथित तौर पर बयान दिया था कि आरएसएस के लोगों ने गांधीजी की हत्या की थी. इस मामले को लेकर स्थानीय आरएसएस कार्यकर्ता एड राजेश कुंटे द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई 20 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है.




# RTO ने गैर-कानूनी बाइक टैक्सी सर्विस के खिलाफ कार्रवाई की

- लाखों रुपये का जुर्माना वसूला
- सर्विस प्रोवाइडर पर भी जुर्माना लगाया

**कल्याण.** कल्याण सब-रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (RTO) ने गैर-कानूनी बाइक टैक्सी सर्विस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जो मोटर व्हीकल एक्ट का गंभीर उल्लंघन कर रही हैं। RTO अधिकारियों ने 'रैपिडो' कंपनी के 47 टू-व्हीलर ड्राइवरों के खिलाफ सज़ा के तौर पर कार्रवाई की है, जो कल्याण की सीमा के अंदर बिना लाइसेंस के कमर्शियल पैसेंजर ट्रांसपोर्ट कर रहे थे।

कल्याण RTO की दी गई जानकारी के मुताबिक, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के अलग-अलग सेक्शन का उल्लंघन करने के लिए बाइक टैक्सी सर्विस देने वाले कई टू-व्हीलर ड्राइवरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर सुप्रिया गावड़े ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में 'द रूपन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' (रैपिडो) और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया है। क्राइम रिकॉर्ड के मुताबिक, कंपनी जनवरी से बिना कमर्शियल लाइसेंस के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के ज़रिए पैसेंजर्स को सर्विस दे रही थी। यह काम गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन के दायरे में आता है और इससे सरकारी रेवेन्यू को भी नुकसान हुआ है। आशुतोष बरकल ने साफ किया कि सभी प्राइवेट कंपनियों के लिए पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन के लिए टू-व्हीलर्स का इस्तेमाल करने से पहले कमर्शियल लाइसेंस लेना ज़रूरी है।

### गैर-कानूनी सर्विसेज़ का इस्तेमाल न करने की अपील

डिप्टी रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर आशुतोष बारकुल ने नागरिकों से गैर-कानूनी बाइक सर्विसेज़ का इस्तेमाल न करने की अपील की है, क्योंकि बिना लाइसेंस और परमिट वाले ये ड्राइवर न केवल कानून तोड़ रहे हैं, बल्कि वे यात्रियों की जान और प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकते हैं।

# हाजीमलंग फ्युनिक्युलर रेलवे उद्घाटन से पहले ही विवादों में

- परमिट अधूरे, फिर भी हाजीमलंग फ्युनिक्युलर शुरू



**कल्याण.** ठाणे जिले में हाजीमलंग फ्युनिक्युलर रेलवे, जिसे एशिया का सबसे लंबा रेलवे माना जाता है, अपने ऑफिशियल उद्घाटन से पहले ही विवादों में घिर गया है। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि फ्युनिक्युलर कोच को माला और फूलों से सजाकर शुरू किया गया, जबकि सरकारी परमिट अभी पूरे नहीं हुए हैं। भले ही उस फनिक्युलर का सेफ्टी इंस्पेक्शन, टेक्निकल अप्रूवल और फाइनल ऑपरेशन परमिशन नहीं मिला है, लेकिन लोकल लोगों में इस बात की खूब चर्चा है कि इसे 'खास लोगों' के लिए शुरू किया गया है। बताया जा रहा है कि फनिक्युलर का इस्तेमाल असल में हाजीमलंग इलाके में एक नेता के गुरु के घर चल रहे एक समारोह के लिए आने-जाने के लिए किया जाता था। सरकारी प्रोसेस पूरा किए बिना फ्यूनिकुलर का इस्तेमाल शुरू करना सीधे तौर पर गैर-कानूनी है, इसलिए इस कार्रवाई ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस बीच, पैसेंजर ट्रांसपोर्ट के लिए ऐसी सुविधाओं के लिए टेक्निकल इंस्पेक्शन, सेफ्टी सर्टिफिकेट, इमरजेंसी मैनेजमेंट सिस्टम और ऑपरेटिंग परमिट ज़रूरी हैं। हालांकि, लोकल संगठनों ने आरोप लगाया है कि इन सभी प्रोसेस को दरकिनार करके फ्यूनिकुलर शुरू किया गया।

### क्या जांच होगी?

लोकल नागरिकों का आरोप है कि आम जनता के लिए नियम और गणमान्य लोगों के लिए नियम की दोहरी भूमिका सामने आई है। क्या अब इस बिना इजाज़त वाले फ्यूनिकुलर ऑपरेशन की जांच होगी? और सबका ध्यान इस बात पर है कि बिना ऑफिशियल उद्घाटन के शुरू की गई इस सर्विस को लेकर प्रशासन क्या भूमिका निभाता है।



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## जानलेवा लापरवाही

गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत अपने देश में सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति बरती जाने वाली उस लापरवाही को ही बयान करती है, जो बार-बार देखने को मिलती है। इस तरह के हादसे रह-रहकर होते ही रहते हैं, लेकिन कहीं कोई सबक नहीं सीखा जा रहा है। गोवा का जो नाइट क्लब आग की चपेट में आया, वह नियमों की अनदेखी करके तो चलाया ही जा रहा था, उसमें आग से बचाव के उपाय भी नहीं किए गए थे।

रही-सही कसर इससे पूरी हो गई कि नाइट क्लब में आने और जाने का रास्ता बेहद संकरा था। आग की चपेट में आने वालों की संख्या इसलिए अधिक बढ़ गई, क्योंकि बचने के लिए उन्होंने जिस रास्ते को सुरक्षित समझा, वहां पहले से ही लोग फंसे हुए थे। इससे बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि इस हृदयविदारक घटना के बाद उच्चस्तरीय जांच की बात की जा रही है और दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का वादा किया जा रहा है। ऐसे हर हादसे के बाद ऐसे ही वादे किए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर कहीं न कहीं उन्हीं कारणों से कोई भयावह दुर्घटना घट जाती है, जिन कारणों से पहले घट चुकी होती है।

कायदे से तो इस नाइट क्लब को खोले जाने की अनुमति ही नहीं दी जानी चाहिए थी और यदि दी भी गई तो सुरक्षा के पूरे उपाय सुनिश्चित किए जाने चाहिए थे। दुर्भाग्य से ऐसा नहीं किया गया। स्पष्ट है कि नाइट क्लब अवैध तरीके से उन्हीं विभागों की अनदेखी अथवा मिलीभगत से चल रहा था, जिन पर नियम-कानूनों के पालन का दायित्व था। होना तो यह चाहिए कि जिन विभागों की अनदेखी-उपेक्षा के चलते नाइट क्लब चल रहा था, सबसे पहले उनके संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। गोवा की यह घटना यह भी बता रही है कि ऐसे स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था की जो नियमित जांच-पड़ताल होनी चाहिए, वह भी नहीं की गई। यह पहली बार नहीं है जब किसी सार्वजनिक स्थल पर आग लगी हो और इतने लोगों की जान गई हो।

इस तरह की घटनाएं लगातार होती रहती हैं। ऐसी घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग जान गंवाते हैं। जब ऐसा होता है तो कठोर कार्रवाई करने की घोषणा होती है और शोक संवेदनाओं का तांता लग जाता है, लेकिन स्थितियों को सुधारने के बजाय मुआवजे की घोषणा करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है।

# विचार: एक नई विश्व व्यवस्था की दस्तक

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने एक भाषण में कहा था कि पश्चिम का राजनीतिक और आर्थिक वर्चस्व समाप्त हो रहा है और विश्व की अगली व्यवस्था कम से कम दो ध्रुवीय या फिर बहुध्रुवीय होगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डर लेन ने कहा कि इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि इससे पश्चिम और शेष विश्व के बीच सहयोग के नए आयाम खुल सकेंगे। गत सितंबर में तियानजिन के एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि एससीओ एक बहुपक्षीय और समावेशी विश्व व्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

उसी सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एक विश्व संचालन पहल का प्रस्ताव रखा था और अधिनायकवाद एवं धौंस की राजनीति के खिलाफ खड़े होकर सच्ची बहुपक्षीयता पर चलने का आह्वान किया था। डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर तंज करते हुए इसे अमेरिका के खिलाफ साजिश कहा, पर दुनिया भर के राजनयिकों ने इसे एक नई उभरती विश्व व्यवस्था की दस्तक के रूप में देखा था।



राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा को उसी की एक और कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने भारत के साथ 25 साल पुरानी दोस्ती को ताक पर रखते हुए रूस से तेल खरीदने के विरोध में टैरिफ बढ़ाकर दोगुना कर दिया जिनकी वजह से भारत का अरबों डालर का निर्यात प्रभावित हुआ है। बीते कुछ वर्षों में अमेरिका भारतीय वस्तुओं की सबसे बड़ी मंडी बनकर उभरा, जहां पिछले साल तक 87 अरब डालर का निर्यात होता था जो भारत के कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत है। दूसरी तरफ रूस को दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुक आयल पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे रूस को अरबों डालर का नुकसान हो रहा है।

ट्रंप की शैली भी धौंस दिखाने की है। यही शिकायत चीन को भी है। इसलिए कहां तो वे सत्ता संभालते ही किसिंजर नीति पर चलते हुए रूस को चीनी प्रभाव से निकाल कर अपनी तरफ करने का दम भर रहे थे और कहां उनकी अप्रत्याशित नीतियों और धौंस ने रूस, चीन और भारत को एक-दूसरे के और निकट कर दिया। रूस, भारत और चीन की इस यूरेशियाई तिकड़ी या रिक को नई विश्व व्यवस्था की उभरती धुरी के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया की 40 प्रतिशत जीडीपी और जनशक्ति, प्रबल सैन्य शक्ति और दक्षिणी देशों में प्रभाव और साख होने के कारण इन तीनों के बढ़ते प्रभाव की अवहेलना नहीं की जा सकेगी।

आधुनिक चीन का लक्ष्य अपने शताब्दी वर्ष 2049 तक विश्व में राजनीतिक और आर्थिक शक्ति की धुरी बनकर अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कद की बराबरी पर आना है। ट्रंप की मनमानी नीतियों ने उसका काम और आसान बना दिया है। रूस का लक्ष्य सोवियत संघ के विघटन से खोए वर्चस्व को बहाल करते हुए अपने आभा क्षेत्र का विस्तार करना है, जिसे वह नाटो का विस्तार रोककर और यूरेशिया में अपना प्रभाव फैलाकर हासिल करना चाहता है। उसने यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटो को चुनौती देकर अपनी सामरिक और आर्थिक धाक को काफी हद तक बहाल कर लिया है। करीब ढाई लाख सैनिकों और 1200 अरब डालर के नुकसान के बावजूद उसकी सेना आगे बढ़ रही है।

आर्थिकी ठप नहीं हुई है और पश्चिमी देश उसकी घेराबंदी में नाकाम रहे हैं। रूस और चीन दोनों अपनी रक्षा तकनीक और सैनिक साजोसामान के मामले में नाटो और अमेरिका की तरह आत्मनिर्भर हैं। चीनी सामरिक क्षमता की अभी तक रूस की तरह युद्ध के मैदान में परीक्षा नहीं हुई है, लेकिन उसने आर्थिक और तकनीकी शक्ति के मामले में ट्रंप को झुकने पर मजबूर करके अपनी शक्ति दिखा दी है।

जार्ज आरवेल के उपन्यास '1984' की तरह अभी शक्ति की तीन धुरियां बनती दिख रही हैं। भारत को चौथी धुरी बनने के लिए सैन्य और आर्थिक मोर्चे पर बहुत कुछ करना है, परंतु उसकी जनशक्ति और आर्थिक एवं तकनीकी विकास की संभावनाएं उसे किसी भी नई विश्व व्यवस्था में अपरिहार्य बनाती हैं। इसी की ओर इशारा करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने भारत यात्रा से पहले दिए एक इंटरव्यू में जी-7 जैसे संगठनों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया था, जिनमें न भारत है और न रूस और चीन।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ६.२० से ६.४० तक

# कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाना जरूरी

पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने से विमानन कंपनी इंडिगो में उपजा उड़ान परिचालन का संकट इस फैसले को वापस लेने के बाद भी थमता नजर नहीं आया। शनिवार को कंपनी की साढ़े आठ सौ से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि शुक्रवार को देश भर के विभिन्न हवाईअड्डों से एक हजार से अधिक उड़ानें निरस्त कर दी गई थीं। इससे न केवल यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है, बल्कि उन्हें दूसरी उड़ानों की यात्रा टिकट हासिल करने के लिए कई गुना अधिक दाम चुकता करने पड़ रहे हैं।

हालांकि, इस समस्या के निराकरण के लिए सरकार ने अब फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा 7,500 रुपए से 18,000 रुपए तक सीमित कर दी है। मगर उड़ानों के परिचालन का संकट दूर करने के लिए पायलटों के साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने का जो फैसला वापस लिया गया है, क्या इस मसले की संवेदनशीलता को देखते हुए उस पर फिर से विचार किया जाएगा? यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आखिर इंडिगो में ही यह संकट क्यों और कैसे पैदा हुआ।




दरअसल, पायलटों का संगठन लंबे समय से साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाने की मांग कर रहा था। उनका कहना था कि लगातार काम के दबाव की वजह से उन्हें थकान समेत कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नागर विमानन महानिदेशालय ने हाल में नई नियमावली जारी कर पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय में बारह घंटे की बढ़ोतरी कर उसे अड़तालीस घंटे कर दिया था। इसके बाद इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया।

कंपनी का तर्क था कि नए नियमों के लागू होने से ज्यादा पायलट अवकाश पर हैं, जिससे उड़ानों का परिचालन बाधित हुआ है। मगर, इस बात पर गौर करना जरूरी है कि नए नियम सभी विमानन कंपनियों पर लागू थे! दूसरा, इस बात पर भी गहराई से विचार करने की जरूरत है कि उड़ान के दौरान पायलटों की संवेदनशीलता और सक्रियता बेहद महत्त्वपूर्ण होती है, जरा-सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे में उनके पूरी तरह स्वस्थ रहने के लिए उन्हें जरूरी आराम की सुविधा का पहलू भी अहम है।

एक और समस्या है जो उड़ानों के संकट के बीच अक्सर हवाई यात्रियों को परेशानी और चिंता में डाल देती है, वह है किराए में अचानक बढ़ोतरी। यह इसलिए है, क्योंकि विमानन कंपनियों पर किराए की सीमा को लेकर कोई स्पष्ट नियम लागू नहीं है। इसी कारण शनिवार को स्पाइसजेट की कोलकाता-मुंबई की एक तरफ की यात्रा के लिए 'इकोनामी' श्रेणी के हवाई टिकट की कीमत नब्बे हजार रुपए तक पहुंच गई, जबकि एअर इंडिया की मुंबई-भुवनेश्वर उड़ान के लिए यात्रियों को चौरासी हजार रुपए तक में टिकट खरीदना पड़ा।

इन खबरों के बाद सरकार ने फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराए की सीमा तय कर दी है। मगर यह व्यवस्था तब तक रहेगी, जब तक उड़ानों का संकट दूर नहीं हो जाता है। सवाल है कि क्या इसके बाद विमानन कंपनियों की ओर से मनमाना किराया वसूलने का सिलसिला जारी रहेगा। ऐसे में जरूरी है कि सरकार की ओर से स्थायी तौर पर हवाई किराए की सीमा तय करने की पहल की जाए, ताकि कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लग सके और यात्रियों को बेवजह परेशानी एवं आर्थिक नुकसान न झेलना पड़े।

# यहां नहीं चलती भारतीय करेंसी, स्कूली बच्चों का अनोखा मेला!

सोचिए आप मेले में पहुंचे और अपनी जेब में रखी भारतीय मुद्रा किसी काम की न हो! पश्चिमी सरहद के द मॉडर्न स्कूल में आयोजित यह मेला

**जरा हट के**

कुछ ऐसा ही अनुभव देता है, क्योंकि यहां सिर्फ TMS करेंसी चलती है. यह अनोखा प्रयोग बच्चों को न केवल मज़ा देता है, बल्कि उन्हें वास्तविक आर्थिक व्यवहार और करेंसी एक्सचेंज की समझ भी सिखाता है. बाड़मेर का यह अनोखा मेला बच्चों के लिए शिक्षा और मनोरंजन का संगम है. यहां वे केवल खेलते और खरीदारी करते नहीं हैं, बल्कि वित्तीय साक्षरता, करेंसी और उद्यमिता की वास्तविक समझ प्राप्त करते हैं.

द मॉडर्न स्कूल का यह नवाचार बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है, जिससे वे भविष्य में सक्षम और जिम्मेदार नागरिक बन सकें. मेलों में प्रवेश से पहले सभी लोगों को अपनी भारतीय मुद्रा को स्कूल की



विशेष TMS करेंसी में बदलना होता है. इसके बाद ही वे खरीददारी और खेलों में हिस्सा ले सकते हैं. इस मुद्रा को लेकर किसी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जाता, जिससे बच्चों और आगंतुकों को असली करेंसी एक्सचेंज जैसी अनुभूति होती है. मेले में बच्चों द्वारा बनाए गए स्टॉल, खेल, खाद्य सामग्री और क्राफ्ट आइटम्स की खरीददारी इसी करेंसी से होती है.

### साल में एक बार आयोजित होता है मेला

बाड़मेर के द मॉडर्न स्कूल का यह मेला वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है और लाखों रुपये की बिक्री के साथ यह हमेशा चर्चा का केंद्र बनता है. मेले का माहौल बिल्कुल एक मिनी-देश जैसा प्रतीत होता है. यहां बच्चे न केवल अपनी रचनात्मकता दिखाते हैं, बल्कि वित्तीय समझ, करेंसी एक्सचेंज, आर्थिक लेन-देन और उद्यमिता कौशल भी सीखते हैं. प्रधानाचार्या नवनीत पंचौरी के अनुसार, यह नवाचार छात्रों को व्यवहारिक शिक्षा और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने का आत्मविश्वास देता है.

# मशरूम मंचूरियन

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- मशरूम: 200 ग्राम
- कोटिंग के लिए: 2 चम्मच मैदा और 2 चम्मच कॉर्नफ्लोर
- सब्जियां: बारीक कटा लहसुन, अदरक, हरी मिर्च, प्याज और शिमला मिर्च (चौकोर कटी हुई)
- सॉस: सोया सॉस, रेड चिली सॉस, टोमेटो केचप और थोड़ा सा विनेगर
- अन्य: नमक, काली मिर्च और तलने के लिए तेल।

**विधि**

सबसे पहले मशरूम को धोकर पोंछ लें। अब एक कटोरे में मैदा, कॉर्नफ्लोर, थोड़ा सा नमक, काली मिर्च और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। थोड़ा पानी डालकर एक गाढ़ा घोल बना लें। अब मशरूम को इस घोल में डुबोएं और गर्म तेल में तब तक तलें जब तक वे सुनहरे और कुरकुरे न हो जाएं। इन्हें निकालकर अलग रख लें।

अब आती है अगली बारी- सॉस बनाने की। एक कड़ाही में थोड़ा तेल गर्म करें। इसमें बारीक कटा लहसुन, अदरक और हरी मिर्च डालकर तेज आंच पर भूनें। याद रखें, चाइनीज खाना तेज आंच पर ही अच्छा बनता है। अब इसमें प्याज और शिमला



मिर्च डालें, लेकिन इन्हें बहुत ज्यादा न पकाएं; इनका क्रंच बना रहना चाहिए।

सब्जियों में सारे सॉस (सोया, चिली, टोमेटो) और थोड़ा सा नमक डालें। अब इसमें तले हुए कुरकुरे मशरूम डालें और अच्छी तरह टॉस करें (मिलाएं)। अंत में ऊपर से बारीक कटा हुआ हरा प्याज छिड़क दें।

परोसने का अंदाज लीजिए, तैयार है आपका गरमा-गरम 'मशरूम मंचूरियन'। इसे आप फ्राइड राइस या नूडल्स के साथ सर्व कर सकते हैं, या फिर स्टार्टर के रूप में ऐसे ही खा सकते हैं। यकीन मानिए, जब आप इसे डाइनिंग टेबल पर रखेंगे, तो इसकी खुशबू से ही सबकी भूख दोगुनी हो जाएगी।

# ठंड के दिनों में जरूर पिएँ गोल्डन मिल्क

## इम्यूनिटी और ताकत में मिलेगी जबरदस्त बढ़ोतरी, जानें फायदे

सर्दी के मौसम में शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में हल्दी और दूध का संयोजन यानी 'गोल्डन मिल्क' शरीर के लिए प्राकृतिक औषधि की तरह काम करता है. हल्दी में मौजूद कर्क्यूमिन और दूध के पोषक तत्व मिलकर शरीर को भीतर से गर्म रखते हैं, सूजन कम करते हैं और सर्दी-जुकाम से बचाते हैं. यही वजह है कि सर्दियों में इसका सेवन बेहद फायदेमंद माना जाता है.



हल्दी वाला दूध एंटीऑक्सीडेंट्स का बेहतरीन स्रोत है. ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में मौजूद हानिकारक मुक्त कणों से लड़ते हैं, जिससे कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया धीमी होती है. नियमित सेवन से त्वचा, बाल और शरीर अधिक स्वस्थ रहते हैं. बढ़ती उम्र के शुरुआती लक्षणों—जैसे झुर्रियां और थकान—से भी बचाव होता है.

पलामू जिले के योगाचार्य पुरुषार्थी पवन आर्य ने बताया कि गोल्डन मिल्क का नियमित सेवन शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है. हल्दी में प्राकृतिक जीवाणुरोधी और वायरसरोधी गुण होते हैं, जो सर्दी, खांसी, गले के संक्रमण और अन्य मौसमी बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं. बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह खासतौर पर लाभकारी है. आगे कहा कि हल्दी शरीर में मौजूद सूजन को कम करने के लिए जानी जाती है. जिन लोगों को जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव या ठंड के दिनों में होने वाली जकड़न की शिकायत रहती है, उनके लिए हल्दी वाला दूध एक प्राकृतिक राहत का साधन है. इसमें मौजूद कर्क्यूमिन सूजन को कम करके दर्द में आराम देता है.

उन्होंने कहा कि सर्दियों में कई लोग तनाव, ठंड या अनियमित दिनचर्या के कारण ठीक से नींद नहीं ले पाते. हल्दी वाला गर्म दूध शरीर को आराम देता है, मन को शांत करता है और गहरी नींद लाने में मदद करता है. अगर इसमें एक चुटकी जायफल मिला दिया जाए तो इसका असर और बढ़ जाता है.

सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान होने लगती है. हल्दी वाले दूध में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीसेप्टिक गुण त्वचा की चमक बढ़ाते हैं, मुंहासों को कम करते हैं और चेहरे पर प्राकृतिक ग्लो लाते हैं. कई लोग इसे त्वचा पर लगाने के लिए भी उपयोग करते हैं, जिससे दाग-धब्बे धीरे-धीरे हल्के पड़ते हैं.

उन्होंने बताया कि गोल्डन मिल्क खाली पेट नहीं पीना चाहिए. इसे रात को सोने से पहले पीना सबसे उपयुक्त माना जाता है. इससे नींद बेहतर आती है और शरीर रात भर आराम महसूस करता है. स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें शहद मिलाया जा सकता है, जबकि काली मिर्च कर्क्यूमिन के अवशोषण को दोगुना कर देती है. दालचीनी, अदरक या जायफल मिलाने से इसके गुण और बढ़ जाते हैं.

आगे कहा कि एक कप दूध को मध्यम आंच पर गर्म करें। इसमें एक छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, एक चुटकी काली मिर्च और चाहें तो दालचीनी या अदरक मिला दें. इसे धीमी आंच पर अच्छी तरह हिलाते हुए पकाएं, पर ज्यादा उबालें नहीं. गैस बंद करने के बाद शहद या मेपल सिरप मिलाएं. गुनगुना होने पर इसे पी लें. ठंड में रोजाना इसका सेवन आपको बीमारियों से बचाकर शरीर को गर्म और स्वस्थ रखेगा.

## आज का राशिफल

**मेष** : शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे।

**वृषभ** : नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है।

**मिथुन** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता बनी रहेगी। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट के कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**कर्क** : धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है।

**कन्या** : ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा।

**तुला** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** : किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम का साहस कर पाएंगे।

**मकर** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# 1 महीने तक चीनी न खाने से क्या होगा?

आजकल लोग वजन घटाने, ब्लड शुगर कंट्रोल और स्किन ग्लो के लिए शुगर फ्री डाइट अपनाने लगे हैं. रिफाइंड शुगर यानी सफेद चीनी को "खाली कैलोरी" कहा जाता है क्योंकि इसमें पोषण लगभग नहीं होता, लेकिन कैलोरी बहुत ज्यादा होती है. अगर आप केवल एक महीने के लिए भी चीनी छोड़ दें, तो शरीर में कई तरह के पॉजिटिव बदलाव दिखने लगते हैं. हालांकि हर चीज के फायदे और नुकसान दोनों होते हैं, इसलिए शुगर छोड़ने से पहले इसके प्रभावों को समझना जरूरी है.

जब आप 1 महीने तक चीनी नहीं खाते, तो शरीर की कैलोरी इनटेक काफी कम हो जाती है. मीठे पेय, बिस्किट, मिठाइयाँ और पेस्ट्री जैसी चीजें हमारे रोज के आहार का बड़ा हिस्सा होती हैं, जो पेट को भले ही भर दें लेकिन वजन तेजी से बढ़ाती हैं. चीनी छोड़ने के बाद इंसुलिन लेवल स्थिर रहता है, शरीर फैट स्टोर करने के बजाय उसे एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करने लगता है. इसका सीधा असर वजन पर पड़ता है और कुछ लोगों को 3-5 किलो तक वजन कम होता महसूस होता है. साथ ही पेट की सूजन कम होती है और शरीर हल्का महसूस होता है.



### स्किन बन सकती है ज्यादा ग्लोइंग

हेल्थलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, एक महीने तक चीनी न खाने का सबसे बड़ा फायदा त्वचा पर दिखता है. चीनी शरीर में ग्लाइकेशन नाम की प्रक्रिया को बढ़ाती है, जिससे कोलेजन टूटता है और झुर्रियां जल्दी दिखने लगती हैं. जब चीनी की मात्रा कम हो जाती है, तो इंफ्लेमेशन घटता है और चेहरे की सूजन कम होती है. इससे पिंपल्स भी कंट्रोल में रहते हैं. कई लोग बताते हैं कि बिना चीनी की डाइट पर रहने के बाद उनका फेस ज्यादा टाइट, ब्राइट और ग्लोइंग दिखाई देता है. आंखों के नीचे के डार्क सर्कल भी हल्के हो सकते हैं क्योंकि हाई शुगर डाइट नींद और हार्मोन दोनों को खराब करती है.

### ऊर्जा बढ़ेगी और मूड होगा बेहतर

मीठा खाने से तुरंत एनर्जी मिलती है, लेकिन कुछ देर बाद थकान, चिड़चिड़ापन और सुस्ती शुरू हो जाती है. इसे "शुगर क्रैश" कहा जाता है. जब आप चीनी छोड़ते हैं, तो शुरुआत के कुछ दिनों में हल्का सिरदर्द और मूड स्विंग महसूस हो सकता है, लेकिन एक सप्ताह बाद शरीर स्थिर ऊर्जा देने लगता है. ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहने से पूरे दिन एनर्जी बेहतर बनी रहती है और मूड भी पॉजिटिव रहता है.

# औषधीय गुणों का खजाना भोलेनाथ का प्रिय पौधा

## दर्द से फौरन देता राहत, कई रोगों में रामबाण

मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में कई ऐसे पेड़-पौधे मिलते हैं, जिनका उपयोग केवल जंगल और गांवों की परंपराओं तक सीमित है लेकिन उनकी उपयोगिता बेहद चौंकाने वाली है. इन्हीं में से एक औषधीय पौधा है मदार, जिसे आम भाषा में आक या अकौआ कहा जाता है. यह पौधा अक्सर घरों के आसपास, खेतों की मेढ़ पर और बंजर जमीनों पर आसानी से उग आता है लेकिन इसके औषधीय गुणों के बारे में कम लोग जानते हैं.



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मदार के फूल भगवान शिव को अर्पित किए जाते हैं.

सीधी के यूनानी मेडिकल ऑफिसर डॉ जुबैर अली ने कहा कि मदार के पत्ते, जड़ और फूल औषधि स्वरूप उपयोग में लाए जाते हैं. इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुण त्वचा रोगों, घाव और सूजन में तेजी से राहत देते हैं. यह पौधा ज्वर, पाचन संबंधी परेशानी और श्वसन रोगों में भी बेहद उपयोगी माना जाता है. आयुर्वेद में यह विशेष रूप से वात और कफ दोष को संतुलित करने में सहायक है.

### औषधीय गुणों का खजाना मदार का पौधा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ आरपी परौहा ने कहा कि मदार केवल धार्मिक महत्व वाला पौधा नहीं बल्कि औषधीय गुणों का खजाना है. इसके रस में प्राकृतिक दर्दनाशक गुण होते हैं, जो फोड़े-फुंसियों, एक्जिमा, खुजली और सूजन में कारगर हैं. पाचन तंत्र कमजोर होने पर, पेट दर्द, कब्ज या अपच जैसी समस्या में मदार का नियंत्रित उपयोग काफी राहत देता है.

डॉ परौहा के अनुसार, यह पौधा अस्थमा, पुरानी खांसी और सांस की समस्याओं में भी लाभकारी है. इसके नियमित लेकिन नियंत्रित उपयोग से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और सामान्य संक्रमणों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है. हालांकि चेतावनी के तौर पर उन्होंने कहा कि मदार जहरीला पौधा है, इसलिए इसका सेवन या उपयोग विशेषज्ञ की सलाह के बिना नहीं करना चाहिए.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## खबरें गांव की...

### गिड़गिड़ाता रहा लड़का, नग्न कर लात-घूंसे-थप्पड़ बरसाते रहे दबंग

**कानपुर.** यूपी के कानपुर के कल्याणपुर में एक लड़के को नग्न कर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दबंग, लड़के को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटते दिख रहे हैं। एक युवक पीड़ित के चेहरे पर जूता रगड़ता दिख रहा है। साथ ही चेहरे पर जूते भी चलाए। इस दौरान दबंगों ने लड़के के कपड़े फाड़ डाले। नग्न अवस्था में लड़के के साथ गाली गलौज कर बेरहमी से पीटते रहे। आरोपित युवक कल्याणपुर के बताए जा रहे हैं। बेरहमी का ये वीडियो सामने आने के बाद कल्याणपुर इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जांच शुरू कर वीडियो में दिख रहे दबंगों को पकड़ने की कवायद शुरू कर दी है।

### 2 साल से बेटी के ट्यूटर संग लिवइन में थी महिला, फिर पार्टनर का किया खौफनाक मर्डर

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। लखनऊ के बीबीडी के सलारगंज इलाके में एक महिला ने अपने लिवइन पार्टनर की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। सोमवार दोपहर खुद फोनकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। घटना को जानकारी पर आला अफसरों ने मौके का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलन किए। दो साल से महिला अपनी बेटी के ट्यूटर के साथ लिवइन में रही थी। एसीपी विभूतिखण्ड विनय द्विवेदी के मुताबिक मूल रूप से देवरिया के भनवारी के पर्सिया भीखम निवासी सूर्य प्रताप सिंह (33) लिवइन पार्टनर रत्ना और उसकी दो बेटियों के साथ किराए के मकान में दो साल से रह रहे थे। रविवार देर रात दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके नाराज होकर सूर्य प्रताप अलग कमरे में चला गया। इसके बाद महिला रत्ना ने खौफनाक वारदात कर डाली। महिला रत्ना ने देर रात चाकू से गला रेतकर अपने लिवइन पार्टनर की हत्या कर दी।

### महाराजगंज में गला काटकर हत्या

यूपी के महाराजगंज के भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसा में रविवार की शाम रास्ते के पुराने विवाद में धारदार हथियार कुल्हाड़ी से 50 वर्षीय गांव के ही व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इनमें से पांच आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरार छठवें आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। वहीं, मृतक के घर कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।वहीं, रायबरेली के गुरबक्श गंज चौराहे पर एक पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।

# मोदी बोले- कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए

- **60 मिनट के भाषण में 13 बार कांग्रेस, 7 बार नेहरू और 3 बार जिन्ना का जिक्र**

**नई दिल्ली.** पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा 'वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था।

पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी।



पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम् 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार,संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा।

- **जिन्ना के सामने झुके नेहरू**

मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा।

PM ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। नेहरू ने 5 दिन बाद नेताजी को चिट्ठी लिखी। उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम् की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। वे लिखते हैं- ये जो बैकग्राउंड है, इससे मुस्लिम भड़केंगे।

# 500 करोड़ में मिलता है कांग्रेस में CM पद

- **हमारे पास नहीं हैं: सिद्धू की पत्नी**



**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता नवजोत कौर सिद्धू ने यह कहकर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है कि 'मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 500 करोड़ रुपये की जरूरत होती है।' उनके बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा और आप ने दावा किया कि इससे कांग्रेस की कार्यप्रणाली का 'घिनौना सच' उजागर हो गया है और यह 'धन-संपत्ति' की राजनीति में लिप्त है।

नवजोत कौर की टिप्पणी की उनकी अपनी पार्टी के सदस्यों ने भी आलोचना की। एक वरिष्ठ सांसद ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या उनके पति और पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू का इरादा पार्टी को नष्ट करने का है। नवजोत कौर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगर कांग्रेस उन्हें पंजाब में पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करती है, तो उनके पति सक्रिय राजनीति में लौट आएंगे। पंजाब में 2027 में चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा था, 'हम हमेशा पंजाब और पंजाबियत की बात करते हैं... लेकिन हमारे पास मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के लिए देने के लिए 500 करोड़ रुपये नहीं हैं।'

### क्या बोली आप?

नवजोत कौर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (AAP) की राज्य इकाई के महासचिव बलतेज पन्नू ने कहा कि उन्होंने इस 'घिनौने सच' को उजागर कर दिया है कि कांग्रेस कैसे काम करती है, इसका नेतृत्व कैसे तय होता है और कैसे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और मौद्रिक सौदों के लिए पंजाब के हितों को दरकिनार किया जाता है। पन्नू ने एक बयान में कहा, 'नवजोत कौर सिद्धू ने दो विस्फोटक दावे किए – कि नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब की राजनीति में तभी दोबारा प्रवेश करेंगे जब कांग्रेस उन्हें अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करेगी, और सिद्धू के पास देने के लिए 500 करोड़ रुपये नहीं हैं। इसका अर्थ है कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री बनने के लिए 500 करोड़ रुपये देने का सौदा करना होता है।'

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 10 प्रोफेसरों ने नौकरी




- **MBBS फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स को लीव दी**
- **फैकल्टी की कमी से क्लासेस प्रभावित**

**नई दिल्ली.** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल का सेंटर पॉइंट बनी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी इन दिनों फैकल्टी की कमी का सामना कर रही है। इसके चलते MBBS फर्स्ट ईयर के छात्रों को एक सप्ताह की लीव पर घर भेजा जा रहा है।

यूनिवर्सिटी के अंदर आतंकी नेटवर्क खड़ा कर रहे लेडी आतंकी डॉ. शाहीन सईद और डॉ. मुजम्मिल शकील के गिरफ्तार होने के बाद से लगातार स्टाफ यहां से जॉब छोड़कर जा रहा है।

वहीं, यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही यूनिवर्सिटी पर जांच एजेंसियों का शिकंजा कसता जा रहा है।

यूनिवर्सिटी सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही यूनिवर्सिटी सेटल नहीं हो पा रही है। अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद सिद्दीकी और डॉक्टरों की गिरफ्तारी ने यहां प्रोफेसरों के अंदर डर बैठा दिया है।

इन गिरफ्तारियों के बाद यहां से करीब 10 मेडिकल प्रोफेसर अपनी जॉब छोड़कर जा चुके हैं। मेडिकल प्रोफेसरों के अलावा दूसरे विभागों में काम करने वाला स्टाफ भी धीरे-धीरे यहां से निकल रहा है, जिसके चलते मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की प्रॉपर क्लास नहीं लग पा रही है।

यूनिवर्सिटी की तरफ से MBBS फर्स्ट ईयर के छात्रों को एक सप्ताह की अचानक से लीव देकर घर भेजा जा रहा है। हालांकि एक सप्ताह बाद उन्हें वापस यूनिवर्सिटी में जॉइन करने की बात भी कही जा रही है।

यूनिवर्सिटी सूत्रों के अनुसार, इस बात से कोई पैनिक न हो, इसलिए सभी को बोला गया है कि वे बाहर जाकर इसे सर्दी की छुट्टी बताएं।

### जापान में 7.6 तीव्रता का भूकम्प

जापान के उत्तरी-पूर्वी हिस्से में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। जापान की मौसम एजेंसी के मुताबिक, सोमवार (8 दिसंबर) को समुद्र तट के पास 7.6 मैग्नीट्यूड का भूकंप आने के बाद जापान के पूर्वी तट के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) ने कहा है कि भूकंप लोकल टाइम के हिसाब से रात 11.15 बजे देश के उत्तरी तट से करीब 44 मील (70KM) दूर और करीब 33 मील की गहराई पर आया था।

एजेंसी ने कहा है कि भूकंप आओमोरी और होक्काइडो के तट पर आया। भूकंप के बाद एजेंसी ने इस इलाके में 3 मीटर (10 फीट तक) ऊंची सुनामी (समुद्री लहरें उठने) का अलर्ट जारी किया है।

# गोवा क्लब अग्निकांड - अब तक 5 गिरफ्तार

- **पुलिस का मालिकों को लुकआउट नोटिस**
- **ओनर बोला- हादसे से दुखी हूं, कंपनी पीड़ितों की हर मदद को तैयार**




**पणजी.** गोवा के नाइट क्लब में रविवार रात आग लगने से हुई 25 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने क्लब चेन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गोवा पुलिस ने क्लब के मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।

आरोप है कि बिना जरूरी दस्तावेजों और लाइसेंस के क्लब चलाया जा रहा था। इधर, सोमवार को मामले में पांचवी गिरफ्तारी की गई। दिल्ली से क्लब के ऑपरेशन मैनेजर भरत सिंह को गिरफ्तार किया गया।

इससे पहले पुलिस ने क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोडक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार किया था। वहीं, इंस्टाग्राम पर चेन के मालिक सौरभ लूथरा ने हादसे पर दुख जताया और कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए तैयार हैं। सभी गिर फ्त ार आरोपियों को 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। CM प्रमोद सावंत ने कहा है कि शुरुआती जांच में इलेक्ट्रिक पटाखे से आग लगने की बात सामने आई है। दरअसल, पणजी से 25km दूर अरपोरा में बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर की रात आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में नाइट क्लब के 20 कर्मचारी और 5 टूरिस्ट शामिल हैं।

### ओनर ने इंस्टाग्राम पर लिखा- हादसे से दुखी हूं

हादसे के बाद इंस्टाग्राम पर रोमियो लेन के मालिक सौरभ लूथरा की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। ओनर ने इंस्टाग्राम पर लिखा– मैनेजमेंट ने बहुत दुख जताया है और बर्च में जान–माल की दुखद क्षति से बहुत दुखी है। उन्होंने आगे लिखा कंपनी की तरफ से हर तरह की मदद, सपोर्ट और सहयोग की कोशिश की जाएगी। इस दुख की घड़ी में, मैनेजमेंट मृतकों और घायलों के परिवारों के साथ पूरी तरह से खड़ा है।

### बिहार में 13 जिलों के DM ट्रांसफर

**पटना.** बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। नीतीश सरकार ने सोमवार को 13 जिलों में नये डीएम की तैनाती की है। औरंगाबाद के डीएम श्रीकांत शास्त्री को बेगूसराय, मधेपुरा के डीएम तरणजोत सिंह को पश्चिम चंपारण (बेतिया), शिवहर के डीएम विवेक रंजन मैत्रेय को सीवान, अरवल की डीएम अभिलाषा शर्मा को औरंगाबाद, भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव आशुतोष द्विवेदी को कटिहार का जिलाधिकारी बनाया है।

# बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला

- **नोट गिनने की मशीन बुलाई**
- **93 लाख ऑनलाइन मिले**
- **बंगाल के मुर्शिदाबाद में नींव रखी थी**



**मुर्शिदाबाद.** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की।

अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी।

### हुमायूं का नया ऐलान- फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान पाठ कराएंगे

बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे। इसके बाद ही बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू होगा। हुमायूं ने कहा कि वे जल्द ही एक नई पार्टी बनाएंगे जो मुसलमानों के लिए काम करेगी। वे 135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा वे ओवैसी की पार्टी के संपर्क में हैं और अलायंस कर सकते हैं।

# 80 की स्पीड में कार ने 6 को उड़ाया, बचने के लिए लोगों को रौंदता गया

- **पटना में गाड़ी के पहिए से कुचलकर एक की मौत**

**पटना.** पटना में एक बेकाबू कार ने 80 की स्पीड में 6 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। 5 लोग घायल हैं। मृतक की पहचान चांसी राय (60) के रूप में हुई है।

यह घटना दानापुर थाना क्षेत्र के गोला पर झखड़ी महादेव रोड पर हुई। इसका CCTV फुटेज भी सामने आया है। सबसे पहले कार ने रॉन्ग साइड में घुसकर 4 लोगों को उड़ाया।

थोड़ी दूर जाकर कार रुकी। गाड़ी के नीचे फंसे शख्स को दोबारा रौंदते हुए आगे बढ़ने लगी। इस दौरान भीड़ ने कार सवार को घेर लिया। उसने सभी को उड़ाते हुए गाड़ी आगे निकाल ली।




वीडियो में 3 लोग सड़क किनारे आते दिख रहे हैं। एक कुत्ता भी सड़क पर बैठा हुआ है। थोड़ी देर में 60-70 की स्पीड में एक कार आती है। गाड़ी कुत्ते के ऊपर से गुजरते हुए 4 लड़कों को उड़ा देती है। हादसे के बाद कुत्ता हांफने लगता है। गाड़ी का पहिया उसकी गर्दन पर चढ़ा था।

थोड़ी दूर जाकर गाड़ी रुकती है। एक शख्स कार के आगे वाले पहिए के नीचे पड़ा दिख रहा है। 2 युवक निकलकर कार के पीछे आ जाते हैं। दोनों लड़के ड्राइविंग सीट तरफ जाते हैं। थोड़ी देर में कार सवार गाड़ी के नीचे फंसे शख्स को दोबारा कुचलते हुए भागने लगता है। लोग गाड़ी के सामने खड़े हो जाते हैं।

कुछ लोग कार पर मुक्के मारने लगते हैं, लेकिन ड्राइवर रुकता नहीं है वो भागने लगता है। ड्राइवर एक और शख्स को गाड़ी के नीचे रौंदता हुआ मौके से भाग निकलता है। इसके बाद आसपास खड़े लोग घायल के पास पहुंचते हैं। उसे सड़क से उठाकर अस्पताल में लेकर भागते हैं।

# हार की जिम्मेदारी सिर्फ कोच की नहीं -रवि शास्त्री





- **खिलाड़ियों को भी आगे आना होगा**
- **SA से टेस्ट हार के बाद गंभीर पर सवाल उठे**

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के लगातार दो घरेलू टेस्ट सीरीज क्लीन स्वीप हारने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर पर सवाल उठ रहे हैं। टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीतकर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन रेड-बॉल क्रिकेट में प्रदर्शन गिरा है। इसी मुद्दे पर पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि हार की जिम्मेदारी सिर्फ कोच पर डालना उचित नहीं है, खिलाड़ियों को भी आगे आना होगा।

### 'सिर्फ एक इंसान को निशाना बनाना गलत

एक अखबार के यूट्यूब पॉडकास्ट में शास्त्री ने कहा,'जब नतीजे खराब आते हैं, तो खिलाड़ियों को भी आगे आकर जवाब देना चाहिए। सिर्फ कोच को निशाना बनाना गलत है। मेरे समय में भी ऐसा हुआ है,इसलिए अनुभव से कह रहा हूं। खिलाड़ियों को हार का दर्द महसूस होना चाहिए, तभी बदलाव आएगा। हर मैच जीतना जरूरी है, नहीं जीतेंगे तो सवाल उठेंगे।'

उन्होंने कहा कि क्रिकेट 90% दिमाग का खेल है और टीम को मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए।

### कोचिंग में रणनीति के साथ धैर्य और संवाद भी जरूरी

शास्त्री ने आगे कहा कि कोचिंग सिर्फ रणनीति तक सीमित नहीं होती। कोचिंग में धैर्य, संवाद और मैन-मैनेजमेंट सबसे महत्वपूर्ण हैं। खिलाड़ियों से सही तरीके से बात करना आता हो,तभी आप उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। मुख्य कोच पर दबाव हमेशा रहेगा, इसलिए संतुलन जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम की हार हमेशा सामूहिक होती है। टीम मैनेजमेंट से लेकर खिलाड़ियों तक, सभी जिम्मेदार होते हैं।

# योगी पौड़ी गढ़वाल में अपनी बड़ी बहन से मिले



- **5 दिन पहले बहनोई की हुई थी मौत**
- **कोटद्वार में सिद्धबली बाबा के किए दर्शन**

**पौड़ी गढ़वाल.** यूपी के CM योगी आदित्यनाथ रविवार को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल पहुंचे। यहां उन्होंने कोटद्वार में अपनी बड़ी बहन कौशल्या देवी को ढांढस बंधाया और बहनोई ओम प्रकाश सिंह रावत के निधन पर शोक संवेदना जताई।

ओम प्रकाश रावत, कोटद्वार के गाड़ी घाट, सिद्धबली रोड के निवासी थे। वे आर्मी में ऑफिस लाइन (MT) से रिटायर्ड थे। उनके तीन बच्चे हैं- दो बेटियां और एक बेटा है। सभी की शादी हो गई है।

उनकी 2 दिसंबर को जॉली ग्रांट हॉस्पिटल में मौत हो गई थी। वे बीमार थे। सांस लेने में तकलीफ थी। अंतिम संस्कार में योगी नहीं जा पाए थे।

इस साल में दूसरी बार है, जब योगी आदित्यनाथ अपनी बहन से मिले। इससे पहले 6 और 7 फरवरी को अपने पैतृक गांव पंचूर में शादी समारोह के दौरान सीएम अपनी बहन से मिले थे। योगी ने सिद्धबली बाबा के दर्शन भी किए।

### सीएम योगी ने सिद्धबली बाबा के दर्शन किए

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोटद्वार में स्थित सिद्धबली बाबा के दर्शन किए। सिद्धबली बाबा में वार्षिक अनुष्ठान चल रहा है और रविवार को अंतिम दिन है। इसके बाद वह अपनी बड़ी बहन कौशल्या देवी के घर पहुंचे।

योगी दोपहर दो बजकर करीब 35 मिनट पर अलीगढ़ से हेलिकाप्टर के जरिए कोटद्वार के ग्रास्टनगंज हैलिपेड पर उतरे। इसके बाद सीएम योगी का काफिला सिद्धबली बाबा के मंदिर की ओर गया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह अपनी बड़ी बहन कौशल्या देवी के घर की ओर रवाना हो गए।

# अरुणाचल प्रदेश भारत का अहम हिस्सा है और रहेगा

**नई दिल्ली.** भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अहम टिप्पणी की है।

सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'हमने कई बार कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अहम हिस्सा है और रहेगा। हम इसमें कोई दखल नहीं चाहते।' चीन-भारत रिश्ते पर उन्होंने कहा कि यह रिश्ता धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़ रहा है और हम इसे उसी दिशा में आगे बढ़ाते रहना चाहते हैं।

रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि चीनी अधिकारी भरोसा देंगे कि चीनी एयरपोर्ट से आने-जाने वाले भारतीय नागरिकों को चुनकर टारगेट नहीं किया जाएगा। मनमाने ढंग से हिरासत में नहीं लिया जाएगा या परेशान नहीं किया जाएगा।

## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

प्रभाग समिती क्र.4

जा.क्र. उमपा/सहा. आ/प्र.स
4/511/2025
सहायक आयुक्त, प्र.स 4 कार्यालय,
उल्हासनगर महानगरपालिका,
उल्हासनगर-421005.
दिनांक : 8/12/2025

### नोटीस

**(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.4 चे हद्दीत खाली नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्षे छाटणेसाठीचा प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारी झाडे छाटणेसाठी मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 4 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | ठिकाण | झाडाचा तपशिल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | झाडाची जात | फांद्याचा संख्या | झाडाची लांबी | फांद्याचा व्यास |
| 1 | श्री. चरणजीत सिंह वालिया | प्लाट नं. 3, तहसिलदार कार्यालयासमोर, चेतन इमारत जवळ, गांधी रोड, उल्हासनगर-421005. | वड | 02 | सुमारे 25 फुट | 1.2 फुट |
| | | | जंगली | 02 | सुमारे 15 फुट | 1.1 फुट |

उक्त नमुद केलेल्या ठिकाणी असलेले वृक्षांच्या फांदया छाटणेसाठी कोणत्याही इसमाची हरकत आल्यास त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांक 15/12/2025 पूर्वी सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र. 4, अग्निशमन इमारत, उल्हासनगर-421005 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबधितास सुनावणी देऊन अंतीम निर्णय घोतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
**(अलका पवार)**
वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त
प्रभाग समिती क्र. 4
उल्हासनगर महानगरपालिका

**जाक्र/उमपा/पीआरओ /427/2025**
**दिनांक - 8/12/2025**

## संक्षेप...

### ठाणे शहर में तीन दिन तक पानी की सप्लाई में कटौती

**ठाणे।** पिसे बंधारा से ठाणे शहर को पानी सप्लाई करने वाली 1000 mm डायमीटर की पानी की पाइपलाइन, जो टेमघर वॉटर प्लांट तक जाती है, शनिवार सुबह को कल्याण फाटा पर महानगर गैस के काम के दौरान खराब हो गई है। पिछले दो दिनों से वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट के ज़रिए पानी की पाइपलाइन की मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन पानी की पाइपलाइन पुरानी और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट टाइप की होने की वजह से मरम्मत के काम में तीन दिन और लगने की संभावना है। इस वजह से ठाणे शहर में आने वाली पानी की सप्लाई कम हो गई है और शहरों में 30 परसेंट पानी की सप्लाई की जा रही है। इससे नागरिकों को कम और अनियमित पानी की सप्लाई होगी। वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट नागरिकों से अपील किया है कि वह पानी का उपयोग उचीत तरीके से करें और मनपा का सहयोग करें।

# विधानसभा सत्र में गूंजा भिवंडी में व्याप्त गंदगी और भ्रष्टाचार का मुद्दा

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा क्षेत्र में व्याप्त गंदगी और जगह-जगह कचरा के लगे ढेर से उठ रही गंदगी की बदबू से आम नागरिक बेहद त्रस्त है. साफ सफाई और कचरा उठाने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर में गंदगी की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है.नागरिकों का आरोप है कि मनपा क्षेत्र में साफ सफाई के नाम पर मनपा अधिकारी और ठेकेदार मिलकर भारी भ्रष्टाचार कर प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं.शहर में व्याप्त गंदगी को समस्या को लेकर समय समय पर दैनिक नवभारत सहित विभिन्न समाचार पत्रों में विस्तार से खबरें प्रकाशित हो चुकी है. सोमवार से शुरू नागपुर विधानसभा सत्र के पटल पर उक्त संबंध में तारांकित प्रश्न उठाते हुए मनपा आयुक्त अनमोल सागर से जवाब तलब किया गया है.



गौरतलब हो कि,भिवंडी शहर में कचरे के साम्राज्य के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य को उत्पन्न खतरे के संबंध में विधानसभा सत्र तारांकित प्रश्न संख्या 20346 के तहत ज्योति गायकवाड़, भाई जगताप सहित 4 विधानसभा सदस्यों द्वारा उठाया गया है. विधानसभा में तारांकित प्रश्न संख्या 20346 इस प्रकार है. भिवंडी शहर में विभिन्न स्थानों पर कचरे के जमाव और दुर्गंध फैलने से नागरिकों के लिए स्वास्थ्य समस्या पैदा हो गई है. क्या यह सच है कि भिवंडी में साईंबाबा नगर से कल्याण नाका फ्लाईओवर के नीचे बड़ी मात्रा में कचरा और गंदगी स्थानीय निवासियों के लिए बदबू, मच्छरों के संक्रमण और विभिन्न बीमारियों के कारण समस्या पैदा कर रही है, जिससे उनके स्वास्थ्य को खतरा है. शहर में बढ़ते कचरा की समस्या को देखते हुए क्या यह सच है कि मनपा द्वारा नियमित सफाई न किये जाने तथा संबंधित सफाई कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण नागरिक परेशान हैं.भिवंडी शहर की कचरा समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्या ठोस उपाय किए गए हैं या किए जा रहे हैं. मामले की जांच के बाद सरकार द्वारा संबंधित दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित है ? मनपा से मिली जानकारी को माने तो, भिवंडी मनपा के सभी 5 प्रभाग में साफ सफाई और कचरा उठाने के लिए अलग-अलग ठेकेदारों को ठेका दिया गया है. करीब 3 करोड़ प्रतिमाह ठेकेदारों को भुगतान कर 110 घंटा गाड़ी, 7 से 8 सहित 34 डंपर , 2 से 3 की औसत सहित 10 जेसीबी और जिस पर 213 मजदूर लगाने का संसाधन दर्शाया जा रहा है, जो संदेहास्पद और पूरी तरह गलत है.समाजसेवी परमेश्वर अंबोरे का आरोप है कि,मनपा साफ सफाई विभाग और ठेकेदार मिलकर कचरा उठाने के लिए उक्त संसाधनों में बड़ी कटौती करके भ्रष्टाचार कर रही है.

# हाथ में आई फोन लेकर AC लोकल में नकली पास से सफर

**ठाणे.** मुंबई में सबअर्बन रेलवे ट्रांसपोर्ट में एयर-कंडीशन्ड (AC) लोकल ट्रेनों में फ्री सफर के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से नकली पास बनाने के कई मामले सामने आ रहे हैं। ठाणे में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है और एक 20 साल के लड़के को नकली रेलवे पास के साथ सफर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला टिकट चेकिंग के दौरान सामने आया। कुछ दिन पहले, अंबरनाथ में एक बहुत पढ़े-लिखे कपल के खिलाफ भी इसी तरह के मामले में नकली पास के लिए केस दर्ज किया गया था।

अब यह पता चल रहा है कि कुछ पैसेंजर 'AI' का इस्तेमाल करके सबअर्बन रेलवे ट्रेनों में सफर कर रहे हैं। सेंट्रल रेलवे के TTI प्रशांत कांबले 5 दिसंबर को शाम 7.30 बजे दादर से अंबरनाथ जाने वाली एक फास्ट एयर-कंडीशन्ड ट्रेन में टिकट चेक कर रहे थे। उनके साथ रेलवे प्रोटेक्शन



फोर्स का एक कर्मचारी भी था। जब ट्रेन रात करीब 8.30 बजे ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंच रही थी, तो उन्होंने एक युवक से उसके टिकट के बारे में पूछा। उस समय उसने अपने iPhone 16, जो कि Apple कंपनी का मोबाइल है, पर WhatsApp खोला।

उसने उसमें पास कांबले को दिखाया। जब उससे UTS ऐप में पास दिखाने को कहा गया, तो उसके मोबाइल पर UTS ऐप नहीं मिला। उसके पास और कितने पास हैं, इस बारे में पूछताछ करने पर उसके WhatsApp पर 15 जून से 15 अगस्त और 16 सितंबर से 15 दिसंबर तक के नकली पास मिले। कांबले को शक हुआ क्योंकि दोनों पास का नंबर एक ही था। जब उसने युवक से पूछताछ की, तो उसने कबूल किया कि उसके एक दोस्त ने उसे पास भेजा था। कांबले ने जब पास को जांच के लिए भेजा, तो वह नकली पाया गया।

### युवक को गिरफ्तार कर लिया गया

युवक को ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन ले जाया गया। उसके खिलाफ इंडियन पीनल कोड (IPC) 2023 की धारा 3(5), 318(2), 335(2), 336(3), 340(1) और 340(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवक एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है जो इवेंट्स ऑर्गनाइज़ करती है और उसके दोस्त को अभी तक अरेस्ट नहीं किया गया है।

# मुंबई में चलेंगी ऑटोमैटिक दरवाज़ों वाली लोकल ट्रेनें

**मुंबई.** मुंबईकरों के लिए यह अच्छी खबर है। जल्द ही मुंबईकरों का सफर सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगा। क्योंकि मुंबई में जल्द ही ऑटोमैटिक दरवाज़ों वाली लोकल ट्रेनें चलेंगी। इसके लिए इंडियन रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है। भीड़भाड़ की वजह से मुंबई की लोकल ट्रेनों से गिरने और हादसों में कई यात्रियों की बेवजह मौत हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने ऑटोमैटिक दरवाज़ों वाली लोकल ट्रेनें बनाने का आदेश दिया है। ऑटोमैटिक दरवाज़ों वाली 2 लोकल ट्रेनें बनाई जा रही हैं। ये लोकल ट्रेनें चेन्नई की ICF कंपनी में बनाई जा रही हैं। सेंट्रल रेलवे लाइन पर मुंब्रा में एक लोकल ट्रेन हादसा हुआ था। लोकल ट्रेन से गिरकर 5 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस मुंब्रा हादसे के बाद बंद दरवाज़े वाली लोकल ट्रेनें शुरू करने का ट्रायल शुरू किया गया था।

# अमृत बठीजा टीओके से भाजपा में शामिल

- **प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कराया प्रवेश**

**उल्हासनगर.** कट्टर पप्पू कालानी, ओमी कालानी समर्थक और टीम ओमी कालानी (TOK) के वफादार अमृत बठीजा यू-टर्न लेते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। 2002 के महानगर पालिका चुनाव में अमृत बठीजा की पत्नी कोमल बठीजा एनसीपी के पप्पू कालानी के नेतृत्व में वार्ड 2 से चुनी गईं। तीन



प्रत्याशियों वाले इस क्षेत्र में सामान्य महिला वर्ग से कोमल बठीजा को सबसे अधिक वोट मिले। हालांकि, आरक्षण बदले जाने के बाद से अमृत बठीजा और उनकी पत्नी कोमल बठीजा ने चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई.

इस बार, कालानी के कट्टर समर्थक अमृत बठीजा, भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले की पहल पर अंबरनाथ में एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के हाथों भाजपा में शामिल हो गए हैं। ऐसे में सियासी गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा है कि क्या अमृत बठीजा आगामी महानगर पालिका चुनाव में चुनावी मैदान में उतरेंगे और उनका मजबूत साथी कौन होगा.

# शिव परिवार रिक्शा–टैक्सी चालक समिति की बैठक



**ठाणे.** शिव परिवार रिक्शा-टैक्सी चालक समिति की बैठक में आज पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) पंकज शिरसाठ और पुलिस निरीक्षक सुभाष कोकणे उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने रिक्शा–टैक्सी चालक लोगों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

बैठक संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में अत्यंत शिस्तबद्ध वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में 120 से अधिक चालकों ने सहभाग लिया ।उपायुक्त शिरसाठ ने सड़क सुरक्षा,ब्लाइंड स्पॉट्स से बचाव,गलत दंड की स्थिति में समाधान की प्रक्रिया,आगामी लोक अदालत की कार्यवाही इन विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया ।एडवोकेट सिंह ने प्रशासन को आश्वासन दिया शिवदूत चालक यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करेंगे।

इस अवसर पर सभी रिक्शा चालकों ने शिस्त, सुरक्षा और कानून पालन के लिए ट्रैफिक शपथ ली ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश सिंह, अरविंद गिरी, दिलीप सिंह,दीपक गिरी, आशीष सिंह, मनोज सिंह, दीपक राणे और अशोक गिरी का विशेष योगदान रहा।

# इंटर कालेज अंताक्षरी स्पर्धा मे रईस जूनियर कालेज को प्रथम पुरस्कार

**भिवंडी.** मुंबई की मशहूर साहित्यिक संस्था उर्दू कारवां द्वारा उर्दू साहित्य के प्रचार एवं प्रसार के मकसद से उर्दू दशक मनाया गया. दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम के दौरान अंतर कनिष्ठ महाविद्यालयीन अंताक्षरी स्पर्धा का भी आयोजन किया गया. स्पर्धा में भिवंडी के मशहूर विद्यालय रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज की ओर से 3 छात्राओं अंसारी अजवा, अंसारी गुल फेशां (बारहवीं साइंस) और अंसारी अरबिया (बारहवीं कॉमर्स) शामिल थीं. मुंबई और उसके आस-पास के कॉलेजों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले में, जजों के एकमत फैसले के आधार पर रईस जूनियर कॉलेज, भिवंडी की टीम को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया.पुरस्कार वितरण समारोह मौलाना मुहम्मद अली जौहर हॉल,



खिलाफत हाउस भायखला मुंबई में आयोजित किया गया. विजेता टीम को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भिवंडी पूर्व के विधायक रईस कासम शेख एवं अन्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, प्रशस्तिपत्र एवं अन्य पारितोषिक से सम्मानित किया गया.छात्राओ की शानदार कामयाबी पर केएमई सोसायटी अध्यक्ष, अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काज़ी, ट्रेज़रर फ़हद बुबेरे, स्कूल और कॉलेज कमेटी के चेयरमैन, यासर तातली, प्रिंसिपल ज़ियाउर रहमान अंसारी, वाइस प्रिंसिपल आमिर सिद्दीकी, असिस्टेंट हेड मास्टर मुखलिस मदू, सुपरवाइजर्स असरार पठान, मुज़दान मुल्ला, सिब्तैन कशेलकर, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर, अब्दुल अज़ीज़ अंसारी और सभी स्टाफ़ ने सफल छात्राओं एवं मार्गदर्शक अध्यापिका सोफ़िया मोमिन को बधाई दी.

**मनोरोगी अस्पताल में सैकड़ों पेड़ों के बचाव के लिए**

# पर्यावरणविद डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुख्यमंत्री को दिया निवेदन

**ठाणे.** शहर के रीजनल साइकेट्रिक हॉस्पिटल के एरिया में सैकड़ों पुराने पेड़ों को काटने का खतरा एक बार फिर मंडरा रहा है, और एनवायरनमेंटलिस्ट डॉ. प्रशांत सिंकर ने इस गंभीर खतरे के बारे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अर्जेंट रिप्रेजेंटेशन दिया है। चूंकि यह एरिया ठाणे के बचे हुए कुछ ग्रीन बेल्ट में सबसे अहम है, इसलिए ठाणे के लोग इस कटाई का कड़ा विरोध कर रहे हैं। बैंगलोर में NIMHANS की तर्ज पर एक नया मॉडर्न साइकेट्रिक हॉस्पिटल बनाने का प्रोजेक्ट वेलकम है, लेकिन इसके लिए सैकड़ों पेड़ काटे जाने की जानकारी से लोगों में बहुत चिंता है। चूंकि शहर में अक्सर "कागज़ पर दस असल में तीस" पेड़ काटे जाते रहे हैं, इसलिए लोगों का भरोसा कम हो गया है ।डॉ. सिनकर ने अपने रिप्रेजेंटेशन में साफ कहा है कि यह एरिया लंबा, बड़े और दशकों पुराने पेड़ ठाणे का टेम्परेचर कंट्रोल करते हैं, बायोडायवर्सिटी बनाए रखते हैं और शहर को नैचुरल सांस लेने की जगह देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए, तो इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ जाएगा।

### मुख्यमंत्री से चार बड़ी मांगें

1. पेड़ों को काटने के प्रपोज़ल पर एक इंडिपेंडेंट, ट्रांसपेरेंट और एक्सपर्ट कमिटी से दोबारा विचार किया जाना चाहिए।
2. जिन पेड़ों को दूसरी जगह लगाया जा सकता है, उन्हें साइंटिफिक तरीके से तुरंत बचाया जाना चाहिए।
3. नए कंस्ट्रक्शन प्लान में इस तरह बदलाव किया जाना चाहिए जिससे पेड़ों को कम से कम नुकसान हो।
4. काटे जाने वाले हर पेड़ की जानकारी समेत पूरी प्रोसेस नागरिकों के लिए खुली होनी चाहिए।

पेड़ सिर्फ़ हरियाली नहीं हैं यह ठाणे की सांस हैं, ठाणे की पहचान हैं। डेवलपमेंट ज़रूरी है; लेकिन तबाही की कीमत पर नहीं। अब पूरे शहर का ध्यान इस बात पर है कि क्या मुख्यमंत्री इस बात पर ध्यान देंगे, और सैकड़ों पेड़ों का भविष्य क्या होगा ।इन पेड़ों ने सालों तक ठाणे को ठंडी छांव, साफ हवा और जान दी है।


## आम सूचना

मैं श्री मोहित गुलाब लुंड सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, (ग्राऊंड + 1ला माला) 576 चौ.फुट, बैरक नं. 664 के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 24बीआय017097300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती किरण गुलाब लुंड व श्री लोकेश गुलाबराय लुंड के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 5.12.2025 सी.नं. 620 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहित गुलाब लुंड**


# कनिका के साथ कॉन्सर्ट में हुई शॉकिंग घटना



प्लेबैक सिंगर कनिका कपूर के साथ मेघालय में कुछ ऐसा हुआ, जिसे वो शायद जिंदगी भर नहीं भुला पाएंगे। 'बेबी डॉल', 'चिट्टियां कलाइयां' और 'डर डा डा डस्से' जैसे सुपरहिट गाने गा चुकीं सिंगर मी'गॉन्ग फेस्टिवल में परफॉर्म कर रही थीं जब भीड़ से एक शख्स उठकर अचानक स्टेज पर चढ़ गया। ऑडियंस से उठकर स्टेज पर चढ़ गए इस शख्स ने जाकर कनिका कपूर को पैरों से दबोच लिया और फिर उन्हें गले लगाने की कोशिश करने लगा।

### कमेंट सेक्शन में लोगों ने खूब लताड़ा

इस बीच कनिका कपूर ने गाना जारी रखा और 'शो मस्ट गो ऑन' वाले सिद्धांत को फॉलो किया। उधर उनकी सिक्योरिटी टीम झट से इस शख्स की तरफ दौड़ी और उन्हें एक्ट्रेस को प्रोटेक्ट किया। इस घटना के बाद लाइव इवेंट्स में कलाकारों की सुरक्षा पर फिर एक बार सवाल उठ खड़े हुए हैं। उधर कमेंट सेक्शन में लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। एक फॉलोअर ने कमेंट किया, ₹भारत में इतने पॉपुलर लोगों के सामने स्टेज पर भी औरतें सुरक्षित नहीं हैं।₹ वहीं दूसरे ने लिखा, "वह करने की क्या कोशिश कर रहा था?"

### पब्लिक बोली- जेल भेज देना चाहिए

इसी फॉलोअर ने कमेंट में लिखा, ₹क्या वह उसे गोद में उठाने की कोशिश कर रहा था, उसे छेड़ रहा था, गले लगा रहा था? यह कोई रिस्पेक्ट की बात नहीं है, ऐसे लोगों को जेल भेज देना चाहिए ।₹ मुंबई में हाल ही में अपने रोलिंग लाउड इंडिया कॉन्सर्ट के दौरान सिंगर करण औजला के चेहरे पर भी भीड़ से उड़ती हुई एक टी-शर्ट आकर लगी। हालांकि उन्होंने इस मौके को बड़ी शालीनता से संभाला, टी-शर्ट उठाई, अपना पसीना पोंछा और उसे वापस भीड़ की ओर फेंक दिया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एसएसटी की चमक

- **त्रिशा नायर की दौड़ — 4×100 मी. रिले प्रतियोगिता में रजत पदक**

**उल्हासनगर.** राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एसएसटी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की छात्रा त्रिशा नायर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4×100 मीटर रिले प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि से एसएसटी का नाम



राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है और महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।

प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की धाविकाओं से मुकाबला करते हुए त्रिशा ने अपनी टीम को निर्णायक चरण में महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। उनकी गति, कौशल और निरंतर अभ्यास का यह श्रेष्ठ परिणाम है, ऐसा क्रीड़ा विभाग ने बताया।

एसएसटी महाविद्यालय के प्राचार्य, क्रीड़ा निदेशक, प्राध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों ने त्रिशा को हार्दिक बधाई देते हुए उनके इस यश का सम्मान किया। भविष्य में भी वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करें, ऐसी शुभकामनाएँ व्यक्त की गईं। त्रिशा की इस सफलता से एसएसटी महाविद्यालय की खेल परंपरा में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है।


## आम सूचना

मैं श्री रामचंद उधाराम मोटवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 831, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 31सीओ005939200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती हेमा दीपक जयसिंघाणी व श्रीमती अनिता भरत जयसिंघाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.1.2010 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामचंद उधाराम मोटवाणी**

## CHANGE OF NAME

I hereby declare that my former name was
**Sureshkumar Ishwarlal Karmani,**
and I have changed it to
**Suresh Ishwarlal Karmani.**
Henceforth, I shall be known as
**Suresh Ishwarlal Karmani**
for all purposes and records.



उल्हास विकास NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)



Staff Required

SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099